# दैनिक भास्कर (Dainik Bhaskar)

PRINT

| National News Paper | Edition : Delhi | Circulation: 17685 |
| --- | --- | --- |
| दिनांक (Dated): 23.09.2025 | पृष्ठ सं. (Page No.) 14 | क्रम सं. (Serial No.) 11 |


# जेवर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे की सुरक्षा सीआईएसएफ ने संभाली

भास्कर न्यूज़|नई दिल्ली

केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) ने सोमवार को औपचारिक रूप से आगामी नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (एनआईए), जेवर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे की सुरक्षा की कमान संभाल लिया। हवाई अड्डे के व्यावसायिक उद्घाटन से पहले परिचालन तत्परता की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर माना जा रहा है। इस समारोह में उत्तर प्रदेश सरकार, सीआईएसएफ और नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए प्रवीर रंजन विशेष महानिदेशक हवाई अड्डे, सीआईएसएफ, सेंथिल अवूदई कृष्णा आर, आईपीएस, आईजी/हवाई अड्डा क्षेत्र, शैलेंद्र भाटिया, नोडल अधिकारी एनआईएएल के साथ कई अधिकारी उपस्थित थे। नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा सीआईएसएफ के संरक्षण में आने वाला देश का 70वाँ हवाई अड्डा बन गया है। सीआईएसएफ का हवाई अड्डा क्षेत्र (एपीएस) और विमानन सुरक्षा समूह (एएसजी) हवाई अड्डे की सुरक्षा की देखरेख करेंगे।